<u>समाचार</u>

# <u>मिट्टी से बने दीये व हस्तशिल्प विक्रय हेतु निःशुल्क स्थल उपलब्ध कराएगा निगम</u>

## <u>(त्यौहारों को देखते हुए आयुक्त श्री राहुल देव ने चिन्हाकित स्थलों पर व्यवस्थाएं बनाने के दिए निर्देश)</u>

कोरबा 18 अक्टूबर 2019 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दीपावली त्यौहार के मौके पर मिट्टी के दीये व मिट्टी से बनी अन्य हस्तशिल्पों के विक्रय हेतु निगम क्षेत्र के व्यवसायिक स्थलों के समीप 07 स्थल चिन्हाकित किए हैं, जो मिट्टी के दीयों व मिट्टी से बनी हस्तशिल्प बेचने वालों को निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। आयुक्त श्री राहुल देव ने संबंधित जोन कमिश्नरों को इन चिन्हाकित स्थलों पर फ्लैक्स बैनर लगाने तथा अन्य व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए हैं।

त्यौहारों पर मिट्टी से बने दीये एवं मिट्टी के हस्तशिल्पों के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए निगम द्वारा इनके विक्रय हेतु 07 स्थानों को चिन्हाकित किया गया है, ये स्थल प्रमुख व्यवसायिक क्षेत्रों के समीप है तथा इन स्थानों पर खरीददारी करने काफी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। आमजन को सुगम रूप से मिट्टी के दीये व मिट्टी से बने हस्तशिल्प प्राप्त हों, साथ ही मिट्टी के कलाकार कुम्भकारों को अपनी कला सामग्री विक्रय हेतु एक सुव्यवस्थित एवं निःशुल्क स्थान उपलब्ध हो सके, इसके मद्देनजर आयुक्त श्री राहुल देव ने संबंधित जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए है कि इन चिन्हाकित स्थलों पर फ्लैक्स बैनर लगाएं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को इसकी जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो सके। उन्होने अधिकारियों से कहा है कि वे मिट्टी के कलाकारों से संपर्क कर उन्हें उक्त स्थानों से अवगत कराएं तथा अपनी कलाकृतियां व मिट्टी के दीये उक्त स्थलों पर विक्रय हेतु रखने को कहें।

<u>07 स्थल चिन्हाकित</u>– इस हेतु निगम द्वारा विभिन्न जोन के जिन विविध स्थानों को चिन्हाकित किया गया है, उनमें कोरबा जोनांतर्गत गीतांजलि भवन के सामने या पीपल मंदिर के पास, परिवहन नगर जोन अंतर्गत टी.पी.नगर चौक, स्टेडियम पटाखा विक्रय स्थल, कोसाबाड़ी जोनांतर्गत स्मृति उद्यान के सामने तथा पुष्पलता उद्यान के सामने, बालको जोनांतर्गत रामलीला मैदान पटाखा विक्रय स्थल, दर्री जोनांतर्गत दर्री बाजार जैलगांव चौक, बांकीमोंगरा जोनांतर्गत बांकी मेन रोड पटाखा विक्रय स्थल तथा सर्वमंगला जोनांतर्गत गेवरा स्टेशन के सामने मेन रोड आदि स्थल शामिल हैं।

<u>पटाखा विक्रय केन्द्र रहेंगे प्लास्टिक फ्री जोन</u>– नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित विभिन्न पटाखा विक्रय केन्द्र प्लास्टिक फ्री जोन घोषित किए गए हैं। आयुक्त श्री राहुल देव ने तत्संबंध में पटाखा व्यापारी संघ कोरबा (परिवहन नगर), बालको, दर्री, बांकीमोंगरा क्षेत्र को पत्र लिखकर कहा है कि निगम क्षेत्र में निर्धारित किए गए पटाखा विक्रय परिक्षेत्रों में प्लास्टिक का भण्डारण, विक्रय, उपयोग एवं वितरण पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाकर इन परिक्षेत्रों को प्लास्टिक फ्री जोन घोषित किया गया है, अतः पटाखा विक्रय केन्द्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग के स्थान पर कपड़े, जूट, कागज आदि से बने कैरीबैग का उपयोग किया जाए।